**9 मानचित्र** **44**

स्थान ढूंढें और दिशानिर्देश प्राप्त करें . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 44

मानचित्र डाउनलोड और अपडेट करें . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 45

स्थान सेवाओं का उपयोग करें . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 45

**10 ऐप्स और सेवाएं** **47**

Google Play . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 47

**11 सॉफ़्टवेयर अपडेट और बैकअप** **49**

अपना फ़ोन सॉफ़्टवेयर अपडेट करें . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 49

अपने डेटा का बैक अप लें . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 49

मूल सेटिंग्स पुनर्स्थापित करें और अपने फ़ोन से निजी सामग्री हटाएं . . . . . . . . . 49

मेमोरी . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 50

**12 अपना फ़ोन सुरक्षित रखें** **52**

अपने फ़ोन को अपने फिंगरप्रिंट से सुरक्षित करें . . . . . . . . . . . . . . . . . . 52

अपने SIM का पिन कोड बदलें . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 52

एक्सेस कोड . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 53

**13 उत्पाद और सुरक्षा से जुड़ी जानकारी** **55**

आपकी सुरक्षा के लिए . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 55

नेटवर्क सेवाएं और लागतें . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 58

आपातकालीन कॉल . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 58

अपने डिवाइस की देखभाल करें . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 59

रीसाइकल करना . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 60

ऐसे डिब्बे वाला प्रतीक जिसमें क्रस-आउट वाला चक्र दिया गया है . . . . . . . . . . 60

बैटरी और चार्जर से जुड़ी जानकारी . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 60

छोटे बच्चे . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 62

चिकित्सा उपकरण . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 62

प्रत्यारोपण किए गए चिकित्सा उपकरण . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 62

सुनने की क्षमता . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 62

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

# 5 कैमरा

## कैमरे से संबंधित बुनियादी बातें

जब आपके फ़ोन में ही यादगार पलों को कैद करने की सुविधा हो, तो अलग से कैमरा ले जाने की क्या ज़रूरत है? अपने फ़ोन के कैमरे के साथ, आप आसानी से फ़ोटो ले सकते हैं या वीडियो रिकॉर्ड कर सकते हैं.

### फ़ोटो लें

स्पष्ट और जीवंत फ़ोटो शूट करें – अपने फ़ोटो एल्बम में यादगार पलों को कैप्चर करें.

1. कैमरा पर टैप करें.
2. लक्ष्य बांधें और फ़ोकस करें.
3. ○ पर टैप करें.

### सेल्फ़ी लें

बेजोड़ सेल्फ़ी लेना चाहते हैं? सेल्फ़ी लेने के लिए अपने फ़ोन के फ़्रंट कैमरे का उपयोग करें.

1. फ़्रंट कैमरे पर स्विच करने के लिए कैमरा > पर टैप करें.
2. ○ पर टैप करें.

### बोथी लें

शानदार सेल्फ़ी लेने के अलावा, आप अपने फ़ोन के कैमरे से विभाजित-स्क्रीन वाली एक फ़ोटो ले सकते हैं. फ़्रंट और रियर, दोनों कैमरों का एक साथ उपयोग करें.

1. कैमरा पर टैप करें और पर टैप करें.
2. विभाजित-स्क्रीन फ़ोटो लेने के लिए, डुअल पर टैप करें. या, चित्र-में-चित्र फ़ोटो लेने के लिए, पर टैप करें.
3. लक्ष्य बांधें और फ़ोकस करें.
4. ○ पर टैप करें.
5. पूर्ण स्क्रीन मोड पर वापस जाने के लिए, एकल पर टैप करें.

**युक्ति:** जब आप चित्र-में-चित्र फ़ोटो लेते हैं या चित्र-में-चित्र वीडियो रिकॉर्ड करते हैं और छोटे चित्र को कहीं और जाना चाहते हैं, तो उस पर टैप करके रखें और उसे खींचकर उस जगह पर ले जाएँ जहाँ आप उसे रखना चाहते हैं.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

# वीडियो रिकॉर्ड करें

## वीडियो रिकॉर्ड करें

वीडियो रिकॉर्डिंग मोड में बदल्ने के लिए बाएं स्वाइप करें.

# अपने कैमरे का पेशेवर की तरह उपयोग करें

## अपने कैमरे की सेटिंग के बारे में जानें

कैमरा ऐप में ≡ > सेटिंग पर टैप करें और जो-जो सेटिंग के बारे में अधिक जानना है उन-उन सेटिंग पर टैप करें.

## मैन्युअल मोड में कैमरे का उपयोग करें

मैन्युअल मोड में, आप क्लोज़-अप, वाइड एंगल फ़ोटो ले सकते हैं और AWB (स्वतः श्वेत संतुलन) को एडजस्ट कर सकते हैं. मैन्युअल मोड आज़माएँ, कैमरा > ≡ > ☰ मैन्युअल पर टैप करें.

## Live Bokeh मोड का उपयोग करें

यदि फ़ोटो लेने के बाद अपनी फ़ोटो का फ़ोकस वाला क्षेत्र बदलने में सक्षम होना चाहते हैं, तो फोटो लेते समय लाइव बोके मोड का उपयोग करें.

1. कैमरा > ≡ > लाइव बोके पर टैप करें.
2. ○ पर टैप करें.
3. अभी-अभी ली गई फ़ोटो पर टैप करें.
4. अपनी फ़ोटो संपादित करने के लिए बोके संपादक पर टैप करें.

## टाइमर के साथ फ़ोटो खींचें

क्या आप शूट करने में भी समय चाहते हैं? टाइमर आज़माएं.

1. कैमरा पर टैप करें.
2. ⏱ टैप करें. यह बटन टाइमर की सेटिंग दिखाता है. इसे बदलने के लिए, दोबारा टैप करें.

## सबसे अच्छा एक्सपोज़र चुनें

एक्सपोज़र सेटिंग्स बदलने के लिए, मैनुअल मोड में ◪, टैप करें, और सेटिंग चुनें।

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

# 13 उत्पाद और सुरक्षा से जुड़ी जानकारी

## आपकी सुरक्षा के लिए

ये आसान दिशानिर्देश पढ़ें. इनका पालन न करना खतरनाक या स्थानीय कानूनों और अधिनियमों के खिलाफ़ हो सकता है. अधिक जानकारी के लिए पूरा उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका पढ़ें.

### मना की गई जगहों पर डिवाइस बंद करें



जब मोबाइल डिवाइस के उपयोग की अनुमति नहीं हो या जब यह हस्तक्षेप या खतरे का कारण बन सकता हो, उदाहरण के लिए, विमान में, अस्पतालों में या चिकित्सीय उपकरण, ईंधन, रासायनिक पदार्थों, या विस्फोट वाले क्षेत्रों में डिवाइस को बंद कर दें। मना की गई जगहों के सभी निर्देशों का पालन करें.

### सड़क पर सुरक्षा को प्राथमिकता दें



सभी स्थानीय कानूनों का पालन करें. कृपया वाहन चलाते समय उससे जुड़े काम करने के लिए हमेशा अपने हाथ खाली रखें. वाहन चलाते समय आपका सबसे ज़्यादा ध्यान सड़क से जुड़ी सुरक्षा पर होना चाहिए.

### व्यवधान



### कांच के पुर्ज़े



इस डिवाइस और/या इसकी स्क्रीन कांच से निर्मित है. यदि डिवाइस किसी कठोर सतह पर गिरता है या उसे तेज़ आघात लगता है, तो यह कांच टूट सकता है. यदि कांच टूट जाता है, तो डिवाइस के कांच के पुर्ज़ों को स्पर्श न करें या डिवाइस से टूटा हुआ कांच निकालने का प्रयास न करें. जब तक अधिकृत सेवा कर्मचारी कांच न बदले, तब तक इस डिवाइस का उपयोग न करें.

### अपनी सुनने की क्षमता की सुरक्षा करें



सुनने की क्षमता को हो सकने वाली क्षति रोकने के लिए, लंबे समय तक उच्च वॉल्यूम स्तर पर न सुनें. जब लाउड स्पीकर उपयोग में हो, तब अपने डिवाइस को कान के पास इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतें.

### SAR

यह डिवाइस कान से सटाकर सामान्य स्थिति में उपयोग करने पर या फिर शरीर से कम-से-कम 1.5 सेमी (5/8 इंच) दूर रखने पर RF एक्सपोज़र के दिशानिर्देशों का पालन करता है. SAR संबंधी अधिकतम विशिष्ट मान इस उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका के प्रमाणपत्र से जुड़ी जानकारी (SAR) वाले सेक्शन में पाई जा सकती है. अधिक जानकारी के लिए, इस उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका का प्रमाणन सूचना (SAR) अनुभाग देखें या www.sar-tick.com पर जाएं।

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

- फ़ोन में एक SIM कार्ड डालें. यदि आपके पास SIM नहीं है, तो लॉक स्क्रीन में आपातकाल पर टैप करें.
- यदि आपका फ़ोन पिन कोड मांगता है, तो आपातकाल पर टैप करें.
- अपने फ़ोन में कॉल बारिंग, फ़िक्स्ड डायलिंग या क्लोज़्ड यूज़र ग्रुप जैसे कॉल प्रतिबंध बंद कर दें.
- यदि मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध नहीं है, तो आप इंटरनेट से कॉल करने का भी प्रयास कर सकते हैं, बशर्ते आप इंटरनेट एक्सेस कर सकें.

## अपने डिवाइस की देखभाल करें

अपने डिवाइस, बैटरी, चार्जर और एक्सेसरीज़ का ध्यान से इस्तेमाल करें. निम्न सुझाव आपके डिवाइस को सुचारू रखने में मदद सकते हैं.

- डिवाइस को सूखा रखें. नमी, आर्द्रता और सभी प्रकार के तरल पदार्थों या नम चीज़ों में मिनिरल्स हो सकते हैं, जो विद्युतीय सर्किट को धीरे-धीरे खराब कर सकते हैं
- डिवाइस को धूल भरे या गंदे क्षेत्रों में उपयोग या भंडारण न करें।
- डिवाइस को उच्च तापमान पर न रखें। उच्च तापमान डिवाइस या बैटरी को क्षति पहुंचा सकते हैं.
- डिवाइस को ठंडे तापमान में न रखें। ऐसे में डिवाइस के सामान्य तापमान में लौटने पर उसके अंदर नमी उत्पन्न हो सकती है और उससे डिवाइस को क्षति पहुंच सकती है.
- उपयोगकर्ता गाइड में दिए गए निर्देशों के अलावा डिवाइस को न खोलें।
- अनधिकृत संशोधन से उपकरण को क्षति पहुंच सकती है तथा रेडियो उपकरणों को नियंत्रित करने वाले विनियमों का उल्लंघन हो सकता है।
- डिवाइस या बैटरी को गिराएं नहीं, खटखटाएं नहीं, या हिलाएं नहीं। गलत तरीके से पकड़ने पर टूटने की संभावना रहती है.
- डिवाइस की सतह को साफ करने के लिए केवल मुलायम, साफ, सूखे कपड़े का उपयोग करें।
- डिवाइस पर पेंट न करें. पेंटिंग करने से डिवाइस का सही से संचालित होना रुक सकता है.
- डिवाइस को चुम्बक या चुम्बकीय क्षेत्र से दूर रखें।
- अपने महत्वपूर्ण डेटा को सुरक्षित रखने के लिए, उसे कम से कम दो अलग-अलग स्थानों पर संग्रहीत करें, जैसे कि आपका डिवाइस, मेमोरी कार्ड या कंप्यूटर, या महत्वपूर्ण जानकारी लिख लें।

लंबे समय तक उपयोग करने से डिवाइस गर्म हो सकता है. ज़्यादातर मामलों में यह बात सामान्य है. अत्यधिक गर्म होने से रोकने के लिए, डिवाइस अपने आप धीरे चल सकता है, ऐप बंद कर सकता है, चार्जिंग बंद कर सकता है और आवश्यकता होने पर डिवाइस खुद बंद हो सकता है. अगर डिवाइस सही से काम नहीं कर रहा है, तो उसे नज़दीक के अधिकृत सेवा केंद्र पर ले जाएं.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

## रीसाइकल करना



इस्तेमाल किए जा चुके विद्युतीय उत्पादों, बैटरियों और पैकेजिंग के मटेरियल को हमेशा संबंधित संकलन केंद्र पर वापस कर दें. इससे अनियंत्रित कूड़े का निपटारा करने और मटेरियल को रीसाइकल करने के लिए प्रोत्साहित करने में मदद मिलती है. इलेक्ट्रिकल या इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों में बहुत सारा कीमती मटेरियल रहता है, जैसे कि धातु (तांबा, अल्युमीनियम, स्टील और मैग्निशियम) और कीमती धातु (सोना, चांदी और पैलेडियम). डिवाइस के सारे मटेरियल को मटेरियल या ऊर्जा के तौर पर रिकवर किया जा सकता है.

## ऐसे डिब्बे वाला प्रतीक जिसमें क्रस-आउट वाला चक्र दिया गया है

### ऐसे डिब्बे वाला प्रतीक जिसमें क्रस-आउट वाला चक्र दिया गया है



आपके उत्पाद, बैटरी, साहित्य या पैकेजिंग पर बना व्हीली-बिन पर क्रॉस के निशान वाला प्रतीक आपको याद दिलाता है कि सभी इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों और बैटरियों को उनका जीवनकाल समाप्त हो जाने पर एक पृथक संग्रहण केंद्र पर ले जाना चाहिए. पहले डिवाइस से निजी डेटा निकालना न भूलें. इन उत्पादों को नगर निगम के नहीं छांटे गए कूड़े में न फेंकें: उन्हें रीसाइकल के लिए ले जाएं. अपने निकटतम रीसाइक्लिंग पॉइंट की जानकारी के लिए, अपने स्थानीय अपशिष्ट प्राधिकरण से संपर्क करें, या HMD के टेक-बैक कार्यक्रम और अपने देश में इसकी उपलब्धता के बारे में www.hmd.com/phones/support/topics/recycle पर पढ़ें.

## बैटरी और चार्जर से जुड़ी जानकारी

### बैटरी और चार्जर की जानकारी

आपके फ़ोन की बैटरी निकाली जा सकती है या नहीं निकाली जा सकती इसका पता लगाने के लिए मुद्रित मार्गदर्शिका देखें.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

**निकाली जा सकने वाली बैटरी वाले डिवाइस** अपने डिवाइस का केवल ओरिजिनल रीचार्जेबल बैटरी के साथ उपयोग करें. बैटरी सैकड़ों बार चार्ज और डिस्चार्ज हो सकती है, लेकिन धीरे-धीरे यह चुक जाएगी. जब टॉक और स्टैंडबाई का समय सामान्य से कम हो जाए, तो बैटरी बदल दें.

**बिना निकाली जा सकने वाली बैटरी वाले उपकरण** बैटरी निकालने का प्रयास न करें, क्योंकि इस प्रयास में आप डिवाइस को नुकसान पहुंचा सकते हैं. बैटरी सैकड़ों बार चार्ज और डिस्चार्ज हो सकती है, लेकिन धीरे-धीरे यह चुक जाएगी. जब टॉक और स्टैंडबाई का समय सामान्य से काफ़ी कम हो जाए, तो बैटरी बदलने के लिए अपने डिवाइस को किसी निकटतम अधिकृत सेवा केंद्र पर ले जाएँ.

अपने डिवाइस को संगत चार्जर का उपयोग करके चार्ज करें. चार्जर के प्लग का प्रकार भिन्न हो सकता है. चार्ज करने का समय, उपकरण की क्षमता पर निर्भर करते हुए अलग-अलग हो सकता है।

## बैटरी और चार्जर की सुरक्षा से जुड़ी जानकारी

आपके डिवाइस की चार्जिंग पूरी हो जाने पर, डिवाइस और इलेक्ट्रिकल आउटलेट से चार्जर का प्लग निकाल दें. कृपया ध्यान दें कि 12 घंटे से अधिक समय तक लगातार चार्ज नहीं किया जाना चाहिए. उपयोग में न होने पर भी ऐसे ही छोड़ने से कुछ समय बाद पूरी तरह से चार्ज हुई बैटरी भी डिस्चार्ज होती जाएगी.

तापमान अत्यधिक कम या ज़्यादा होने से बैटरी की क्षमता और लाइफ़टाइम कम हो जाती है. अनुकूलतम प्रदर्शन के लिए, बैटरी को हमेशा 15°C और 25°C (59°F और 77°F) के तापमान में रखें. हो सकता है कि गर्म या ठंडी बैटरी वाला डिवाइस कुछ देर तक काम न कर पाए. ध्यान दें कि ठंडे तापमान में बैटरी जल्दी खत्म हो सकती है और मिनिटों में फ़ोन को बंद करने की पर्याप्त शक्ति खो सकती है. जब आप ठंडे तापमान में बाहर होते हैं, तब अपने फ़ोन को गर्म रखें.

स्थानीय अधिनियमों का पालन करें. संभव होने पर रीसाइकल करें. घरेलू कूड़े-कचरे के साथ न फेंकें.

बैटरी को बहुत कम हवा के अत्यधिक निम्न दबाव में या अत्यधिक उच्च तापमान पर न रखें, उदाहरण के लिए आग में निपटान करना, क्योंकि इससे ज्वलनशील तरल या गैस का विस्फोट या रिसाव हो सकता है.

बैटरी को किसी भी प्रकार से खोलने, काटने, मोड़ने, छेद करने या दूसरी तरह से क्षति पहुंचाने का काम न करें. बैटरी लीक होने पर उसके तरल पदार्थ को त्वचा या आंखों के संपर्क में आने न दें. ऐसा होने पर, प्रभावित जगह को तुरंत पानी से धो डालें या डॉक्टर की मदद लें. बैटरी में संशोधन न करें, न ही उसमें कोई बाह्य वस्तु घुसेड़ने की कोशिश करें, या फिर उसे पानी अथवा अन्य तरल पदार्थ में डुबोने या उद्घाटित करने का काम न करें. क्षति होने पर बैटरी फट सकती है.

बैटरी या चार्जर का उपयोग निहित उद्देश्यों के लिए ही करें. सही से उपयोग न करने अथवा स्वीकृति नहीं दी गई या अनुपयुक्त बैटरी या चार्जर का उपयोग करने से आग लगने, विस्फोट होने या अन्य खतरे का जोखिम उत्पन्न हो सकता है और इससे कोई भी स्वीकृति या वारंटी अमान्य हो सकती है. अगर आपको लगता है कि बैटरी या चार्जर क्षतिग्रस्त हो गया है, तो उसका उपयोग जारी रखने से पहले उसे सेवा केंद्र में ले जाएं या फिर अपने फ़ोन डीलर को दिखाएं. कभी भी क्षतिग्रस्त बैटरी या चार्जर का उपयोग न करें. केवल घर के अंदर ही चार्जर का उपयोग करें. बिजली कड़कने पर अपने डिवाइस को चार्ज न करें. जब चार्जर बिक्री पैक में शामिल न किया गया हो, तो डेटा केबल (शामिल) और एक USB पावर एडाप्टर (अलग से बेचा जा सकता है) का उपयोग करके अपने डिवाइस को चार्ज करें. आप अपने डिवाइस को ऐसे तृतीय-पक्ष केबल और पावर एडाप्टर के साथ चार्ज कर सकते हैं, जो USB 2.0 या बाद के संस्करण के साथ और लागू देश के नियमों और अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय सुरक्षा मानकों के अनुरूप हो. हो सकता है कि अन्य एडाप्टर लागू सुरक्षा मानकों को पूरा न करते हों, और ऐसे एडाप्टर से चार्ज करने से संपत्ति का नुकसान या किसी को चोट लगने का खतरा हो सकता है.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

कोई चार्जर या एक्सेसरी अनप्लग करने के लिए प्लग को पकड़ें और खींचें, तार को नहीं.

इसके अलावा, यदि आपके डिवाइस की बैटरी निकाली जा सकती है, तो उस पर नीचे दिए नियम लागू होंगे:

- किसी भी कवर या बैटरी को हटाने से पहले हमेशा डिवाइस को बंद कर दें और चार्जर को अनप्लग कर दें।
- धातु वाली वस्तुएं बैटरी की धातु वाली पट्टी के संपर्क में आने पर आकस्मिक रूप से शॉर्ट-सर्किट हो सकती है. इससे बैटरी या अन्य वस्तु को क्षति पहुंच सकती है.

## छोटे बच्चे

आपका डिवाइस और इसके एक्सेसरीज़ खिलौने नहीं हैं. उनमें छोटे-छोटे पुर्जे हो सकते हैं. उन्हें छोटे बच्चों की पहुंच से दूर रखें.

## चिकित्सा उपकरण

वायरलेस फ़ोन जैसे रेडियो ट्रांसमिट करने वाले डिवाइस के संचालन से अपर्याप्त रूप से सुरक्षित चिकित्सा उपकरणों की कार्यप्रणाली पर बाधा पहुंच सकती है. चिकित्सा उपकरण को बाह्य रेडियो एनर्जी के प्रति पर्याप्त सुरक्षा दी गई है या नहीं, यह तय करने के लिए चिकित्सक या उक्त उपकरण के निर्माता से सलाह-परामर्श लें.

## प्रत्यारोपण किए गए चिकित्सा उपकरण

संभावित व्यवधान से बचने के लिए, प्रत्यारोपित चिकित्सा डिवाइस (जैसे कि कार्डिएक पेसमेकर, इंसुलिन पंप और न्यूरोस्टिम्युलेटर) निर्माता वायरलेस डिवाइस और चिकित्सा डिवाइस के बीच कम-से-कम 15.3 सेंटीमीटर (6 इंच) की दूरी बनाए रखने का सुझाव देते हैं. ऐसे उपकरण वाले व्यक्ति को निम्न बातें ध्यान में रखनी चाहिए:

- वायरलेस डिवाइस को हमेशा मेडिकल डिवाइस से 15.3 सेंटीमीटर (6 इंच) से अधिक दूर रखें।
- वायरलेस डिवाइस को अपनी छाती की जेब में न रखें।
- वायरलेस डिवाइस को चिकित्सा उपकरण के विपरीत कान पर रखें।
- यदि आपको संदेह हो कि कोई व्यवधान उत्पन्न हो रहा है तो वायरलेस डिवाइस को बंद कर दें।
- प्रत्यारोपित चिकित्सा उपकरण के लिए निर्माता के निर्देशों का पालन करें।

प्रत्यारोपण किए गए चिकित्सा उपकरण के साथ अपने वायरलेस डिवाइस के इस्तेमाल के संबंध में आपके पास कोई भी प्रश्न हो, तो अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से संपर्क करें.

## सुनने की क्षमता

**चेतावनी:** जब आप हेडसेट का उपयोग करते हैं, तो बाहरी आवाज़ें सुनने की आपकी क्षमता प्रभावित हो सकती है। जब हेडसेट आपकी सुरक्षा को जोखिम में डाल सकता हो, तब उसका उपयोग न करें.

कुछ वायरलेस डिवाइस कुछ सुनने की क्षमता के सहायक उपकरणों को बाधा पहुंचा सकते हैं.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

## अपने डिवाइस की हानिकारक सामग्री से सुरक्षा करें

आपका डिवाइस वायरस या अन्य हानिकारक सामग्री के संपर्क में आ सकता है. निम्नलिखित सावधानियां रखें:

- संदेश खोलते समय सावधान रहें। उनमें दुर्भावनापूर्ण सॉफ़्टवेयर हो सकते हैं या वे आपके डिवाइस अथवा कंप्यूटर को नुकसान पहुंचा सकते हैं.
- कनेक्टिविटी अनुरोध स्वीकार करते समय, इंटरनेट ब्राउज़ करते समय या सामग्री डाउनलोड करते समय सावधान रहें। गैर-भरोसेमंद स्रोतों से ब्लूटूथ कनेक्शन स्वीकार न करें.
- केवल उन स्रोतों से सेवाएँ और सॉफ़्टवेयर स्थापित करें और उनका उपयोग करें जिन पर आपको भरोसा हो और जो पर्याप्त सुरक्षा और संरक्षण प्रदान करते हों।
- अपने डिवाइस और उससे जुड़े किसी भी कंप्यूटर पर एंटीवायरस और अन्य सुरक्षा सॉफ़्टवेयर इंस्टॉल करें। एक बार में केवल एक एंटीवायरस ऐप का उपयोग करें. ज़्यादा एंटीवायरस का उपयोग करने पर डिवाइस और/या कंप्यूटर का प्रदर्शन और संचालन प्रभावित हो सकता है.
- यदि आप पूर्वस्थापित बुकमार्क्स और तृतीय पक्ष इंटरनेट साइटों के लिंक तक पहुंचते हैं, तो उचित सावधानी बरतें। HMD Global ऐसी साइटों का न तो अनुमोदन करता है और न ही उनकी ज़िम्मेदारी लेता है.

## वाहन

रेडियो सिग्नल से वाहनों में मौजूद सही से इंस्टॉल नहीं की गई या अपर्याप्त सुरक्षा वाली विद्युतीय प्रणाली पर असर पड़ सकता है. अधिक जानकारी के लिए अपने वाहन या उसके उपकरण के निर्माता से संपर्क करें. वाहन में केवल अधिकृत कर्मचारी द्वारा ही डिवाइस इंस्टॉल किया जाना चाहिए. गलत तरीके से इंस्टॉल करना खतरनाक हो सकता है और इससे आपकी वारंटी अमान्य हो सकती है. नियमित रूप से इस बात की जांच करते रहें कि आपके वाहन में डिवाइस उपकरण सही से लगाया गया और वह सही से काम कर रहा है कि नहीं. डिवाइस, उसके पुर्जे या एक्सेसरीज़ जिस खंड में हैं उसी खंड में ज्वलनशील या विस्फ़ोटक मटेरियल रखने या ढोने का काम न करें. एयरबैग वाली जगह पर अपना डिवाइस या एक्सेसरीज़ न रखें.

## संभावित रूप से विस्फोटक जगहें

गैसोलिन पंप जैसी संभावित रूप से विस्फोटक जगहों पर अपना डिवाइस बंद करें. चिंगारियों से विस्फोट या आगजनी हो सकती है, जिससे चोट या मृत्यु हो सकती है. ईंधन, रासायनिक पदार्थों के प्लांट या विस्फ़ोट वाली कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही जगहों पर दिए गए निषेधों पर ध्यान दें. संभावित रूप से विस्फोटक जगहों पर हो सकता है कि साफ़ संकेत न हों. सामान्य रूप से ये वो जगहें होती हैं जहां पर आपको अपनी गाड़ी का इंजन बंद करने की सलाह दी जाती है, बोट पर डेक से नीचे, रासायनिक पदार्थ के स्थानांतरण या फ़ैसिलिटी पर और जहां हवा में रासायनिक पदार्थ या कण हों. तरल पदार्थ वाले पेट्रोलियम गैस (जैसे कि प्रोपेन या ब्यूटेन) का उपयोग करने वाले वाहनों के निर्माताओं से पूछताछ करें कि उनके आस-पास यह डिवाइस सुरक्षित तरीके से उपयोग किया जा सकता है कि नहीं.

## प्रमाणपत्र संबंधी जानकारी (SAR)

**This mobile device meets guidelines for exposure to radio waves.**

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

Your mobile device is a radio transmitter and receiver. It is designed not to exceed the limits for exposure to radio waves (radio frequency electromagnetic fields), recommended by international guidelines from the independent scientific organization ICNIRP. These guidelines incorporate substantial safety margins that are intended to assure the protection of all persons regardless of age and health. The exposure guidelines are based on the Specific Absorption Rate (SAR), which is an expression of the amount of radio frequency (RF) power deposited in the head or body when the device is transmitting. The ICNIRP SAR limit for mobile devices is 2.0 W/kg averaged over 10 grams of tissue.

SAR tests are carried out with the device in standard operating positions, transmitting at its highest certified power level, in all its frequency bands.

This device meets RF exposure guidelines when used against the head or when positioned at least 5/8 inch (1.5 centimetres) away from the body. When a carry case, belt clip or other form of device holder is used for body-worn operation, it should not contain metal and should provide at least the above stated separation distance from the body.

Your mobile device is also designed to meet the requirements for exposure to radio waves established by the India Department of Telecommunications. These requirements set a SAR limit of 1.6 W/kg averaged over one gram of tissue.

To send data or messages, a good connection to the network is needed. Sending may be delayed until such a connection is available. Follow the separation distance instructions until the sending is finished.

During general use, the SAR values are usually well below the values stated above. This is because, for purposes of system efficiency and to minimise interference on the network, the operating power of your mobile is automatically decreased when full power is not needed for the call. The lower the power output, the lower the SAR value.

Device models may have different versions and more than one value. Component and design changes may occur over time and some changes could affect SAR values.

For more info, go to www.sar-tick.com. Note that mobile devices may be transmitting even if you are not making a voice call.

The World Health Organization (WHO) has stated that current scientific information does not indicate the need for any special precautions when using mobile devices. If you are interested in reducing your exposure, they recommend you limit your usage or use a hands-free kit to keep the device away from your head and body. For more information and explanations and discussions on RF exposure, go to the WHO website at www.who.int/peh-emf/en.

## डिजिटल अधिकार प्रबंधन के बारे में

इस डिवाइस का उपयोग करते समय सभी कानूनों का पालन करें और स्थानीय कस्टम और कॉपीराइट सहित दूसरों की गोपनीयता और वैध अधिकारों का सम्मान करें. कॉपीराइट सुरक्षा आपको फ़ोटो, संगीत और दूसरी सामग्री कॉपी करने, संशोधित करने या स्थानांतरित करने से रोक सकती है.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

